केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.

******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/38 दिनांक: 06.02.2018

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00037
CICOM/R/2018/00001

अपीलकर्ता : श्री गोरख नंदन विश्वकर्मा,
संयोजक,
सूचना का अधिकार मंच,
बी/59, बिड़ला कालोनी,
फुलबारी शरीफ, पटना – 801505.

निर्णय की तारीख : 06.02.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 20.12.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 18.01.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री दिनेश कुमार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 15.01.2018 |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 20.12.2017 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा धारित कोई सूचना नहीं मांगी गई थी, बल्कि निदेशक, डाक सेवाएं (मुख्यालय) एवं अपीलीय अधिकारी द्वारा भ्रामक सूचना देने के लिए इनके विरुद्ध जिम्मेदारीय निर्धारित करने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया था, जिसके प्रतिउत्तर में श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध अपीलकर्ता द्वारा प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका एवं प्रथम अपील का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल तथ्यानुरूप है एवं इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है । साथ ही यह भी उल्लेख किया जाता है कि श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु अपीलकर्ता का दिनांक 20.12.2017 का आवेदन डाक अनुभाग को अग्रसारित किया गया था तथा उप-पंजीयक (सी.आर.) द्वारा दिनांक 20.12.2017 का उक्त पत्र अपीलकर्ता को कमियों को दूर करने हेतु दिनांक 19.01.2018 को वापस किया जा चुका है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपील हेतु कोई शुल्क देय नहीं है, अतः प्रथम अपील आवेदन के साथ संलग्न दस रु0 का भारतीय पोस्टल आर्डर सं. 42 एफ 707552 अपीलकर्ता को वापस किया जाता है ।

संलग्नक - दस रु0 का भारतीय पोस्टल आर्डर सं. 42 एफ 707552

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

O/C

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

06/02/18

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
06 FEB 2018
D. No.........
Initials.........